युवा संसद में भाग लेकर लौटी हिमानी का उदयपुर में स्वागत

उदयपुर, (का.स.) ।युवा संसद में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने वाली उदयपुर की छात्रा हिमानी श्रीमाली का मंगलवार को जयपुर से आने पर उदयपुर में स्वागत किया गया। राजस्थान विधानसभा में हुए युवा संसद में भाग लेकर उदयपुर के छोटे से गांव में रहने वाली हिमानी श्रीमाली मंगलवार को उदयपुर पहुंची। गांव वालों और समाज के लोगों ने हिमानी का जोरदार स्वागत किया। हिमानी ने युवा संसद में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाते हुए पूरी ताकत से अपनी बात रखी।उदयपुर जिले के मावली तहसील के सवानिया गांव की रहने वाली हिमानी श्रीमाली ने युवा संसद में किशोर.किशोरियों से जुडे मामलों को पुरजोर तरीके से सदन में उठाया। आज जब उदयपुर पहुंची तो रेलवे स्टेशन से लेकर उनके स्कूल तक जोरदार स्वागत किया । हिमानी का रेलवे स्टेशन पर माला पहनकर उनके पिता अशोक श्रीमाली,नाना कुंदन लाल श्रीमाली और परिवार के अन्य सदस्य द्वारा स्वागत किया गया।यही नहीं हिमानी यहां से मावली के लोपडा स्थित अपने स्कूल पहुंची जहां भी स्कूल के स्टाफ और ग्रामीणों ने पगडी पहनाकर हिमानी की हौसला अफजाई की। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोपडा में कक्षा 12वीं की छात्रा हिमानी श्रीमाली युवा संसद के लिए चयनित हुई विशेष सत्र में राजस्थान विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की मौजूदगी में युवा संसद में अपनी बात रखी।

'युवा सितारों को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है युवा महोत्सव'

- जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025 संपन्न

डूंगरपुर। डूंगरपुर विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता बंशीलाल कटारा ने कहा कि राज्य में युवा सितारों को आगे बढाने एवं राज्य की दुर्लभ व लुफ्त कलाओं का संवर्धन,संरक्षण एवं प्रोत्साहन करने में युवा महोत्सव की अहम भूमिका है। भाजपा नेता कटारा सोमवार को जिले के पाल देवल ब्लॉक अंतर्गत राउमावि सती रामपुर में राजस्थान युवा बोर्ड युवा मामले एवं खेल विभाग के आदेश अनुसार आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2०25 के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सात फरवरी 2०25 को राज्य की युवा नीति तय की गई थी। इसका मुख्य ध्येय राज्य के 15 से 29 आयु वर्ग के युवा कलाकारों व प्रतिभाशाली युवाओं की खोज करनाए राज्य की दुर्लभ एवं लुफ्त कलाओं का संवर्धन, संरक्षण एवं प्रोत्साहन करना, पारंपरिक एवं ग्रामीण कलाओं को प्रचारित करना एवं विभिन्न कलात्मक व प्रौद्योगिकी विकसित करना है। उन्होंने युवाओं को आगे बढने का आवाह्न करते हुए कहां कि इस मंच के माध्यम से विजेताओं को संभाग स्तर पर अवसर मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा को राज्य व देश तक पहुंचाएंगे। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से नशामुक्त समाज का निर्माण करने का आवाह्न करते हुए कहा कि आप ही प्रयोग है,आप ही परिणाम हैं और आप ही प्रयोगशाला हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम प्रभारी व प्रधानाचार्या ओजस्वी परमार एवं सीबीईओ डूंगरपुर निशा परमार ने स्वागत भाषण दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष देवल उमेश भणात ने की। मंच पर पूर्व प्रधान लक्ष्मण कोटेड, भाजपा जिला उपाध्यक्ष करुण ननोमा, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवल रमेश घोघरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मांडवीया सुरेश, जिला प्रमुख एबीवीपी हीरालाल यादव, भाजपा नेता रतनलाल प्रजापत,मनोहर परमार,पीटीए अध्यक्ष मनोज मनात,एसडीएमसी सदस्य बालकृष्ण पटेल, जिला संयोजक एबीवीपी अनिल ढमलात, प्रांत जनजाति प्रमुख एबीवीपी राजेंद्र खराडी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक नीरज जोशी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अमृतलाल यादव, सीबीईओ निशा परमार, एसीबीईओ विमल साद सहित अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रकाश पंडवाला, रविन्द्र जोशी, माया परमार, पायल शर्मा, माया भगोरा, अलका मेहता, हीना पंड्या, हर्षना डामोर, गिरिराज प्रसाद यादव, लालशंकर बरंडा, गजेश जोशी,सुनील हडात, दीपिका जोशी, उप प्रधानाचार्य संजय दामा, सिंपल विहात, विनय चौबीसा ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई। इस दौरान प्रतिनियुक्त अन्य कार्मिकों ने पंजीयन, प्रमाण पत्र लेखन सहित अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। कार्यक्रम में कुल पांच एक्टिविटी के अंतर्गत 22 प्रतियोगिताएं थी जिसमें ऑनलाइन कुल 1०61 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्रतियोगिता में 259 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य हंसमुख मेहता, व्याख्याता श्वेता जैन व जिज्ञासा भगोरा ने संयुक्त रूप से किया। 'परिणाम इस प्रकार रहे' विज्ञान व डिजिटल मेला में हित शर्मा प्रथम व मेधावी बलाई द्वितीयए लोक नृत्य एकल में अनीषा कोटेड प्रथमए ललित कटारा द्वितीय व शर्मीला वर्मा तृतीय, लोक गीत समूह में यशवंत नाई व दल प्रथम,डिम्पल पाटीदार व दल द्वितीय व काजल ढोली व दल तृतीय, लोकगीत एकल में रूपा ढोली प्रथम, काजल ढोली द्वितीय व राशि पंचाल तृतीय, कविता लेखन में शमीम घांची प्रथम, निष्ठा पाटीदार द्वितीय व खुशी कटारा तृतीय,कहानी लेखन में प्रीतिका पाटीदार प्रथम,अनीता रोत द्वितीय व शीतल पटेल तृतीय, चित्रकला में अंकित पंचाल प्रथम, मानव भाटिया द्वितीय व खुशी पाटीदार तृतीय, भाषण में नेहा चौबीसा प्रथम, प्रीतिका पाटीदार द्वितीय व कृष पंड्या तृतीय, हैंडीक्राफ्ट में सीता ननोमा प्रथम, आकाश डामोर द्वितीय व नरेश ननोमा तृतीयए एग्रो प्रोडक्ट्स में दीपा सेवक प्रथम,खडताल में यशवंतनाथ जोगी प्रथम एवं समूह लोक नृत्य में अजय कलासुआ व दल प्रथम, सोनल कटारा व दल द्वितीय एवं निशा बामणिया व दल तृतीय रहा।

स्वच्छता अभियान शुरू

उदयपुर । राज्य सरकार के कार्यकाल के 2 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर के सरकारी संस्थानों में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र छंगानी के निर्देशन में अधिकारियों, कर्मचारियों और पशुपालन डिप्लोमा के छात्रों ने भी संस्थान की पूरी तरह से सफाई करके स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ छंगाणी ने बताया कि विभागीय सचिव डॉ. समित शर्मा ने कुशल प्रबंधन, स्वच्छता, कार्य कुशलता और गुणवत्तापूर्ण सेवा वितरण के लिए 5(एस) पद्धति को व्यवहार में लागू करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

क्रमांक /न.पा.ना./69 क/2025/15549 दिनांक : 15.12.2025

- : आपत्ती सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	आवेदित सम्पत्ति कापता एवं माप	पड़ौस			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री अशोक कुमार जैन पिता नन्द लाल जैन	लाल बाजार, मेन रोड, नाथद्वारा, भूखण्ड क्षैत्रफल 734.50 वर्गफीट	टेम्पल बोर्ड धीरज धाम	लाल बाजार मेन रोड 10 फीट चौडी	कन्हैया लाल का मकान	नरेन्द्र वागरेचा मकान

आयुक्त,नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

क्रमांक /न.पा.ना./69 क/2025/15552 दिनांक : 15.12.25

- : आपत्ती सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	आवेदित सम्पत्ति कापता एवं माप	पड़ौस			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री लक्ष्मीलाल वागरेचा पिता कन्हैया लाल वागरेचा	लाल बाजार, मेन रोड, नाथद्वारा, भूखण्ड क्षैत्रफल 805.125 वर्गफीट	टेम्पल बोर्ड धीरज धाम	लाल बाजार मेन रोड 10 फीट चौडी	कमरूदीन रंगरेज का मकान	अशोक कुमार का मकान

आयुक्त,नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: उविप्र/नियमनरिकॉर्ड/2025/3444 दिनांक: 2.12.2025

आम-सूचना

निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्डों का वारिसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

क्र. सं.	भुखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	राजस्व ग्राम	आवेदक का नाम/पिता का नाम	मृतक का नाम/दस्तावेज
1.	26 (MUT NO 5791)	2118.75 वर्गफीट	ढिकली खसरा नं. 4043, 4046, 4047, 4048, 4052, 4053, 4726/4050, 4728/4044, 4730/4045, 4732/4049, 4748/4039, 4749/4039 इत्यादि	श्री देवीलाल मेघवाल पिता श्री शंकरलाल मेघवाल, श्री प्रकाश मांगीलाल प्रजापत पिता स्व. श्री मांगीलाल प्रजापत, श्री सागर मांगीलाल प्रजापत पिता स्व. श्री मांगीलाल प्रजापत, श्रीमती मंजु देवी पत्नी स्व. श्री मांगीलाल प्रजापत, निवासी- बडवई, चितौडगढ	श्री मांगीलाल प्रजापत पिता श्री रूपलाल जी का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 14.06.2024 के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है।

अत: उपरोक्तनुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा।

(डॉ. अभिनव शर्मा)तहसीलदार उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर (राज.)

भर्ती शिविर आज से

- उक्त शिविर 17 दिसम्बर को पंचायत समिति वल्लभनगर, 18 दिसम्बर को

उदयपुर । सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए भर्ती शिविर (कैंप) 17 से 23 दिसंबर तक भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में एसआईएस सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर उदयपुर के द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के लिए भर्ती शिविरों का आयोजन 17 दिसम्बर से 23 दिसंबर तक उदयपुर जिले की समस्त पंचायत समितियों मे होगा। उक्त शिविर 17 दिसम्बर को पंचायत समिति वल्लभनगर, 18 दिसम्बर को पंचायत समिति गिर्वा, 19 दिसम्बर को पंचायत समिति ऋषभदेव, 20 दिसम्बर को पंचायत समिति खेरवाड़ा, 22 दिसम्बर को पंचायत समिति भींडर, 23दिसम्बर को पंचायत समिति लसाडिया में आयोजित किया जायेगा। किसी भी पंचायत समिति के अभ्यर्थी इन पंचायत समितियों मे भाग ले सकते हैं भर्ती केम्प का समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक रहेगा।कमांडेंट कार्यालय उदयपुर से राकेश चौधरी ने बताया कि सुरक्षा जवान के लिए 10वीं कक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवा की उम्र 19 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी की ऊँचाई 168 से 170 सेमी एवं वजन 55 से 90 किलोग्राम होना आवश्यक है। अभ्यर्थी अपनी 10वीं व 12 वीं सहित समस्त शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड की फोटोकॉपी एवं एक पासपोर्ट साईज फोटो व 350 रू ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ भर्ती कैम्प में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है।

चित्तौडगढ़ में शैक्षिक सम्मेलन 20 से

डूंगरपुर। राजस्थान शिक्षक संघ लोकतांत्रिक का दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 20० एवं 21 दिसंबर 2025 को भगवान श्रीकृष्ण के पावन धाम सांवरिया सेठ, मीरा रंगमंच, मंडफिया जिला चित्तौडगढ में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा।

प्रदेशाध्यक्ष सुभाषचंद्र भट्ट, जिलाध्यक्ष हरिओम पंचाल एवं जिला मंत्री प्रकाश परमार ने संयुक्त रूप से बताया कि इस दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों से हजारों शिक्षक-शिक्षिकाएं,संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन शिक्षा व्यवस्था से जुडे समसामयिक विषयों पर गंभीर विमर्श का सशक्त मंच बनेंगा। उन्होंने बताया कि 2० दिसंबर को प्रात: 11.3० बजे मीरा रंग मंच पर भव्य उद्घाटन सत्र आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन सत्र के पश्चात शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षार्थी हित, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शैक्षिक नवाचार,नीतिगत चुनौतियां तथा शिक्षक समस्याओं के समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रख्यात वक्ताओं, शिक्षाविदों एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा विचार प्रस्तुत किए जाएंगे।

21 दिसंबर को सम्मेलन का समापन सत्र आयोजित होगा, जिसमें संगठन की नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी का निर्वाचन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय एवं प्रदेश संगठन महामंत्री विश्राम कटारा ने बताया कि प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सम्मेलन के लिए स्वागत समिति, पंजीयन समिति,आवास व्यवस्था, पेयजलए टेंट,मंच,नाश्ता एवं भोजन व्यवस्था सहित विभिन्न समितियों का गठन कर उन्हें स्पष्ट जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं,ताकि बाहर से आने वाले प्रतिनिधियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाध्यक्ष हरिओम पंचाल ने डूंगरपुर जिले सहित प्रदेश भर के संगठन से जुडे समस्त शिक्षकों, शिक्षिका बहनों, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि यह सम्मेलन संगठनात्मक एकता, शैक्षिक चिंतन एवं शिक्षक हितों की मजबूती का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आान किया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राजस्थान)

क्रमांक: F.11( )Region-I/2025/1320 Date: 12/12/25

आम सूचना

राजस्व ग्राम बेदला के खसरा नम्बर 1378 से 1386, 1392 से 1395, 1399 के अनुमोदित प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 47 क्षेत्रफल 4250-00" वर्गफीट के नियमन हेतु श्री जगदीश चन्द्र पिता श्री औंकार लाल टांक निवासी- तेलीवाडा चौराया के समीप, बेदला, उदयपुर द्वारा आवेदन पत्र के साथ 90-क आदेश, जमाबंदी, पंजीकृत विक्रय पत्र, क्षतिपूर्ति बंध-पत्र, शपथ-पत्र आदि प्रस्तुत कर आवंटन/पट्टा चाहा गया हैं । प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूखण्ड रिक्त हैं।

अतः उक्त भूखण्ड संख्या 47 क्षेत्रफल 4250-00 वर्गफीट का नियमन श्री जगदीश चन्द्र पिता श्री औंकार लाल टांक निवासी- तेलीवाडा चौराया के समीप, बेदला, उदयपुर के नाम करने के संबंध मे किसी को कोई आपत्ति / ऐतराज हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस मे प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल मे लायी जावेगी।

(जगदीश सिंह आशिया) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

आम सूचना (खोया-पाया)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी श्रीमती केसर बाई पत्नी श्री राधा किशन जी तेली निवासी-1-ख-32, हिरण मगरी से. 4, उदयपुर (राज.) प्राप्त हिदायत एवं निर्देशानुसार आगाह कर सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी के मकान के मूल दस्तावेज जिसमें इकरार नामा, पॉवर ऑफ एटोनी, वसीयत नामा जो कि दिनांक 5-8-2025 को से. 4 से सेक्टर नं. 7 हिरणमगरी के बीच कहीं रास्ते में गिर जाने से गुम हो गये हैं काफी तलाश करने के बावजूद भी नहीं मिले है जिसकी सूचना रिपोर्ट थाना हिरण मगरी उदयपुर में दर्ज कराई गई जिसके आई.आरनं./2990065/2025 16-12-2025 को दर्ज करवाई गई है, अगर किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त दस्तावेज मिलते है तो थाना हिरण मगरी में जमा करवा देवें व उक्त दस्तावेजों का दुरूपयोग नहीं करें। अगर कोई उक्त दस्तावेज का दुरूपयोग करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की रहेगी।

उदयपुर
दिनांक: 16-12-2025

जाकिर हुसैन शेख एडवोकेट
MO- 9928276202
ऑफिस- प्रतापनगर थाने के पास, उदयपुर (राज.)

वादपदों के स्थिरिकरण के लिए प्रतिवादी को सम्मन
(आदेश 5 नियम 1 व 5 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालय अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायालय क्रम संख्या-4, उदयपुर

भारतीय स्टेट बैंक
बनाम
श्री प्रफुल मीणा पुत्र अमर चन्द्र मीणा.....प्रतिवादी
वाद संख्या 127/2023

प्रेषित
1. श्री प्रफुल मीणा पुत्र अमर चन्द्र मीणा
निवासी- 102-ए, श्रीनाथ नगर, सेक्टर-9, सवीना, उदयपुर एवं दुसरा पता- 131, कोठाडी फलां, तहसील सराड़ा, उदयपुर
2. श्री अमर चन्द्र मीणा पुत्र श्री वेसा जी मीणा
निवासी- 102-ए, श्रीनाथ नगर, सेक्टर-9, सवीना, उदयपुर, दुसरा पता- 131, कोठाडी फलां, तहसील सराड़ा, उदयपुर, तीसरा पता- उप आयुक्त प्रशासन कार्यालय, आयकर विभाग, हिरण मगरी, सेक्टर 11, उदयपुर

चूंकि वादी ने आपके विरूद्ध वाद वसूली 3,65,217/- के लिए एक वाद संस्थित किया है अत: आपको एतद् द्वारा आहुत किया जाता है कि आप या तो स्वयम् ऐसे या अधिवक्ता जो कि सम्यकरूपेण अनुदिष्ट हो व वाद सम्बन्धी सर्व सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो के द्वारा दिनांक 13.01.2026 के दिवस को 10:00 बजे दावे का उत्तर देने हेतु इस न्यायालय में उपस्थित हो और आगे आपको एतद् द्वारा यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन आप अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन पेश करें और उसी दिन वे सब प्रलेख जो आपके अधिपत्य या अधिकार में हो व जिन पर आप अपना प्रतिरक्षा या प्रतिपादन या प्रतिदावा आधारित करते हों, भी प्रस्तुत करें तथा जहां आप किसी अन्य प्रलेख जो आपके अधिपत्य या अधिकार में हो या न हो पर अपनी प्रतिरक्षा या प्रतिपादन या प्रतिदावा के समर्थ में साक्ष्य के रूप मे भरोसा रखते हो, उन प्रलेखों को अपने लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

सूचित रहे कि पूर्णवर्णित दिवस को आपके द्वारा अपनी उपस्थिति में व्यक्तिकम होने पर कथित वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना व अवधारित किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

हस्ताक्षर

सूचना: 1. यदि आपको यह शंका हो कि आपके साक्षी अपनी इच्छा से उपस्थित नहीं होंगे तो आप किसी साक्षी को उपस्थित होने हेतु विवश करने के लिए और किसी ऐसे प्रलेख को प्रस्तुत कराने हेतु जिसे कि प्रस्तुत कराने हेतु साक्षी को समाहूत करने के लिए आपको अधिकार है आप न्यायालय से सम्मन जारी करा सकते हैं।
2. यदि आप दावे को स्वीकारोक्त करते हो तो आप दावे के व्यय सहित धन इस न्यायालय में जमा करावे ताकि ऐसी अज्ञाप्ति जो कि आपके स्वयं के या आपकी सम्पत्ति या दोनों के खिलाफ हो, निष्पादन से परिवर्जित हो जाय।
3. प्रतिवादी अपने जवाबदावे के साथ दावे से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज पेश करें।
4. प्रतिवादी अपना जवाब दावा 30 दिन के भीतर पेश करें।

वादपदों के स्थिरिकरण के लिए प्रतिवादी को सम्मन
(आदेश 5 नियम 1 व 5 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालय अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायालय क्रम संख्या-4, उदयपुर

भारतीय स्टेट बैंक
बनाम
मेसर्स रोहित शु मेकर.....प्रतिवादी
वाद संख्या 146/2023 ई.दी.

प्रेषित
मेसर्स रोहित शु मेकर
प्रोपराईटर श्री भागीरथ मोची पुत्र श्री बालमुकन्द मोची
व्यवसाय स्थल- 104, वाई नम्बर 43, मोचीवाड़ा, उदयपुर (राज.)

चूंकि वादी ने आपके विरूद्ध वास्ते वसुली 3,25,170/- रूपये के लिए एक वाद संस्थित किया है। अत: आपको एतद् द्वारा आहुत किया जाता है कि आप या तो स्वयम् ऐसे या अभिवक्ता जो कि सम्यकरूपेण अनुदिष्ट हो व वाद सम्बन्धी सर्व सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो के द्वारा दिनांक 27.01.2026 के दिवस को 10:00 बजे दावे का उत्तर देने हेतु इस न्यायालय में उपस्थित हो और आगे आपको एतद् द्वारा यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन आप अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन पेश करें और उसी दिन वे सब प्रलेख जो आपके अधिपत्य या अधिकार में हो व जिन पर आप अपना प्रतिरक्षा या प्रतिपादन या प्रतिदावा आधारित करते हों, भी प्रस्तुत करें तथा जहां आप किसी अन्य प्रलेख जो आपके अधिपत्य या अधिकार में हो या न हो पर अपनी प्रतिरक्षा या प्रतिपादन या प्रतिदावा के समर्थ में साक्ष्य के रूप मे भरोसा रखते हो, उन प्रलेखों को अपने लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

सूचित रहे कि पूर्णवर्णित दिवस को आपके द्वारा अपनी उपस्थिति में व्यक्तिकम होने पर कथित वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना व अवधारित किया जावेगा।

आज दिनांक 26.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

हस्ताक्षर

सूचना: 1. यदि आपको यह शंका हो कि आपके साक्षी अपनी इच्छा से उपस्थित नहीं होंगे तो आप किसी साक्षी को उपस्थित होने हेतु विवश करने के लिए और किसी ऐसे प्रलेख को प्रस्तुत कराने हेतु जिसे कि प्रस्तुत कराने हेतु साक्षी को समाहूत करने के लिए आपको अधिकार है आप न्यायालय से सम्मन जारी करा सकते हैं।
2. यदि आप दावे को स्वीकारोक्त करते हो तो आप दावे के व्यय सहित धन इस न्यायालय में जमा करावे ताकि ऐसी अज्ञाप्ति जो कि आपके स्वयं के या आपकी सम्पत्ति या दोनों के खिलाफ हो, निष्पादन से परिवर्जित हो जाय।
3. प्रतिवादी अपने जवाबदावे के साथ दावे से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज पेश करें।
4. प्रतिवादी अपना जवाब दावा 30 दिन के भीतर पेश करें।

बीटीपी अध्यक्ष ने बीजेपी-कांग्रेस व बीएपी पर साधा निशाना

डूंगरपुर। भारतीय ट्राइबल पार्टी बीटीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ वेलाराम घोघरा ने कांग्रेसए भाजपा और बीएपी पर निशाना साधा है। उन्होंने इन पार्टियों पर आदिवासियों के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

इस दौरान उन्होंने डूंगरपुरए उदयपुर और बांसवाडा जिलों के लिए नए जिलाध्यक्षों की भी घोषणा की। बीटीपी अध्यक्ष ने पार्टी की आगामी रणनीति भी साझा की। डॉ घोघरा ने बताया कि बीटीपी टीएसपी ट्राइबल सब.प्लान, क्षेत्र में श्वादा याद दिलाओ अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर कांग्रेस और भाजपा सरकारों द्वारा की गई घोषणाओं, योजनाओं, समितियों और आयोगों के गठन सहित अन्य वादों को याद दिलाएंगे। उन्होंने कांग्रेस, भाजपा और बीएपी पर आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने स्थानीय मुद्दों को सुलझाने के बजाय अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए आमजन को आपस में लडाने का काम किया है। डॉ.घोघरा ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा सरकारों ने आदिवासियों के हितों के लिए पेसा कानून, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम सभा को सशक्त बनाने जैसे कानून बनाए, लेकिन ये कानून आज तक धरातल पर लागू नहीं किए गए हैं। उन्होंने जोर दिया कि बीटीपी इन सभी कानूनों को आदिवासियों के हित में लागू करवाने के लिए काम करेगी। बीटीपी अध्यक्ष ने दावा किया कि उनकी पार्टी के आने से पहले कांग्रेस और भाजपा आदिवासियों का विकास नहीं करती थींए बल्कि उन्हें केवल अपना वोट बैंक मानती थीं। उन्होंने कहा कि अब बीटीपी के आने के बाद दोनों पार्टियां आदिवासी वोटरों को साधने में लगी हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक इन क्षेत्रों में आकर आदिवासियों और उनके नायकों की सुध ले रहे हैं।

श्रमदान कर कार्यालयों की हुई साफ -सफाई की

- डूंगरपुर में जिला विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ
- जिला विकास पुस्तिका का विमोचन हुआ

डूंगरपुर, । राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार को जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ तथा जिला विकास पुस्तिका का विमोचन कार्यक्रम में बतौर अतिथि नगर परिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ, जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, समाजसेवी बंसीलाल कटारा,उप सभापति सुदर्शन जैन,अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र धाकड ने फीता काटकर विकासात्मक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बतौर अतिथि पंकज जैन, नयन सुथार, अनुराग कटारा, नरेंद्र आर्य, प्रकाश लबाना, निकिता कंसारा भी मौजूद रहें। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर परिषद ऑडिटोरियम परिसर में किया गया। प्रारंभ में सहायक निदेशक जनसंपर्क छाया चौबीसा ने पुष्पगुच्छ देकर एवं सहायक जनसंपर्क अधिकारी मोहन खराडी ने माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी में प्रदर्शित जिले में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों का अवलोकन किया प्रदर्शनी 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा जिला विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता पीएचईडी गोपीराम वर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार परेश पंड्या, उपनिदेशक उद्यानिकी डॉ विकास चेचानी, उद्योग विभाग महाप्रबंधक भगवान दास, सहायक निदेशक जनसंपर्क छाया चौबीसा, सहकारिता विभाग बैंक प्रबंधक प्रशांत, प्रधानाध्यापक किशनलाल गर्ग राउमावि भारती पंचाल, उप प्रधानाध्यापक विनय चौबीसा, एपीआरओ मोहन खराडी, योगेश डिंडोर, हरिराम मीणा, मीडिया कर्मी एवं अन्य गणमान्य भी मौजूद रहें।

कार्यालयों में हुआ स्वच्छता श्रमदान :- सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के विभिन्न कार्यालय में एक घंटे का स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यालय की साफ सफाई की गई।

शहरी सेवा फॉलो अप शिविर का हुआ शुभारंभ :- जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने राज्य सरकार के कार्यकाल के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर परिषद परिसर में आयोजित शहरी समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया । शहरी समस्या समाधान शिविर निरीक्